प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 30.10.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड स्थापना की 25वीं वर्षगांठ को भव्य बनाने की तैयारी, 15 और 16 नवंबर को होगा राजकीय समारोह, मुख्यमंत्री 29 नवंबर को 10 हजार अभ्यर्थियों को देंगे नियुक्ति पत्र।
2. शराब घोटाला मामले में एसीबी ने तेज की कार्रवाई, पूर्व उत्पाद सचिव मनोज कुमार से दिनभर की पूछताछ, आज आईएएस मुकेश कुमार को किया तलब।
3. झारखंड हाईकोर्ट में आज भी होगी जेएससीसी–सीजीएल परीक्षा 2023 में कथित गड़बड़ी मामले पर सुनवाई, राज्य सरकार रखेगी अपना पक्ष।
4. राज्य में चक्रवाती तूफान से आज 14 जिलों में भारी बारिश के आसार, रुक रुक कर लगातार बारिश से खरीफ फसलों को नुकसान, विमान सेवा भी प्रभावित।
5. राज्य स्तरीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज से रांची में, 24 जिलों के ढाई हजार खिलाड़ी होंगे शामिल।

****

झारखंड स्थापना की 25वीं वर्षगांठ को ऐतिहासिक और भव्य तरीके से मनाने की तैयारी तेज कर दी गयी है। स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत 11 नवंबर को होगी। मुख्य कार्यक्रम 15 नवंबर को और समापन समारोह 16 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया जायेगा। इस उपलक्ष्य में 18 से 28 नवंबर तक सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पूरे राज्य में आयोजित किये जायेंगे। इस कार्यक्रम का समापन 29 नवंबर को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के साथ होगा। इस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करीब 10 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने कल बैठक कर स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की।

****

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा है कि लोगों में एनडीए के प्रति एक भरोसा है।

****

बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने हजारीबाग से भी भाजपा महिला मोर्चा की एक टीम पटना के लिए रवाना हुई है। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा के नेतृत्व में गयी यह टीम वैशाली जिले के राघोपुर में पार्टी उम्मीदवार सतीश यादव के पक्ष में समर्थन जुटायेंगी। मनोरमा राणा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गयी इस बड़ी जिम्मेदारी से बेहद खुश हैं।

****

शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसीबी ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस कड़ी में एसीबी की टीम ने कल तत्कालीन उत्पाद सचिव और वर्तमान में समाज कल्याण विभाग के सचिव मनोज कुमार से लंबी पूछताछ की। उन्हें आज भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इसी मामले में तत्कालीन उत्पाद सचिव मुकेश कुमार को भी आज पूछताछ के लिए एसीबी मुख्यालय तलब किया गया है।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा सीजीएल में कथित पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर आज भी झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से अपना पक्ष रखा जायेगा। इससे पहले कल भी इस मामले पर सुनवाई हुई।

****

केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में वस्तु और सेवाकर– जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की गयी थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हुआ है। आज, हम कृषि क्षेत्र में नई जीएसटी दरों से किसानों को हुए लाभ की जानकारी दे रहे हैं।

****

पाकुड जिले के पहाड़ों और दुर्गम क्षेत्रो में रहने वाले आदिम जनजाति पहाड़िया ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन से जोड़कर उनकी आर्थिक प्रगति के लिए जिला प्रशासन जुटा हुआ है।

****

राज्य में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर दिखायी पड़ रहा है। रुक–रुक कर लगातार हो रही बारिश के कारण खरीफ फसलों खासकर धान की खेती को काफी नुकसान पहुंचा है। मौसम में हुए परिवर्तन का असर विमान सेवाओं पर भी पड़ा है। करीब आधा दर्जन विमान कल देर से रांची पहुंचे। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 31 अक्तूबर तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में इस चक्रवाती तूफान का प्रभाव बना रहेगा।

****

खेलो झारखंड के तहत आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ आज से होगा। यह प्रतियोगिता 1 नवंबर तक मोराबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में चलेगी।

इसमें राज्य के 24 जिलों से लगभग 2500 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें 1 हजार 217 बालिकाएं और 1 हजार 230 बालक खिलाड़ी शामिल हैं। प्रतियोगिता में अंडर–14, 17 और 19 तीन आयु वर्ग के खिलाड़ी ट्रैक और फील्ड इवेंट्स में हिस्सा लेंगे।

इस बीच, 69वीं राष्ट्रीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता अंडर–19 के लिए झारखंड की टीम पानीपत रवाना हो गयी है।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मोंथा चक्रवात से राज्य में फसलों को हुए नुकसान की खबर को प्रमुखता दी है।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है– राज्य के खजाने में मात्र 4 हजार करोड़, फिर तीन हजार करोड़ कर्ज ले सकती है सरकार।
- हिन्दुस्तान ने लिखा है– झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता की मांडू में सड़क हादसे में मौत।
- प्रभात खबर लिखता है– राज्य के 82 ब्लड बैंकों में से 45 का लाइसेंस रिन्यू नहीं, चालान पर हो रहा है संचालन।
- दैनिक जागरण के शब्द हैं– 29 नवंबर को सीएम सौंपेंगे 10 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र।

****